रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार , 29 जून , 2026
वर्ष 02 | अंक 156 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# 'संकट में जनता बनी सबसे बड़ी ताकत'

## PM मोदी बोले- देश को मुश्किल दौर से जनता ने बचाया, 'मेड इन इंडिया' C-295 विमान का भी किया जिक्र



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि हाल के वैश्विक और राष्ट्रीय चुनौतियों के दौरान भारत के नागरिकों ने जिस जिम्मेदारी, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया, वह पूरे विश्व के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट से लड़ने की सबसे बड़ी ताकत देश की जागरूक जनता होती है। प्रधानमंत्री ने भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए 'मेड इन इंडिया' C-295 सैन्य परिवहन विमान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है और स्वदेशी निर्माण भारत की रणनीतिक ताकत को मजबूत कर रहा है।

मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने नवाचार, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और देश में विकसित तकनीक पर भरोसा जताने की अपील भी की। प्रधानमंत्री का संदेश साफ था कि संकट के समय सरकार और जनता जब एक साथ खड़ी होती है, तभी देश बड़ी चुनौतियों को अवसर में बदलने में सफल होता है। उन्होंने नागरिकों के सहयोग, अनुशासन और राष्ट्रहित को भारत की सबसे बड़ी पूंजी बताया। 'मन की बात' के इस संदेश में आत्मनिर्भरता, जनभागीदारी और स्वदेशी रक्षा उत्पादन को भविष्य के भारत की सबसे बड़ी ताकत के रूप में प्रस्तुत किया गया।

# रक्षा मंत्रालय का खंडन: ऑपरेशन सिंदूर पर फेक पोस्ट से सावधान




रक्षा मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कुछ भ्रामक पोस्ट और दावों का आधिकारिक तौर पर खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कई पोस्टों में साझा की जा रही जानकारी तथ्यात्मक रूप से गलत है और उनका सरकारी रिकॉर्ड या सैन्य कार्रवाई से कोई संबंध नहीं है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे बिना सत्यापन किसी भी सैन्य अभियान, सेना की गतिविधियों या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी को साझा न करें। ऐसी अफवाहें न केवल भ्रम फैलाती हैं बल्कि सुरक्षा हितों को भी प्रभावित कर सकती हैं। सरकार ने यह भी कहा कि रक्षा मामलों से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों और सरकारी बयानों पर ही भरोसा किया जाए। सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट दावों, संपादित तस्वीरों और पुराने वीडियो को नए घटनाक्रम से जोड़कर फैलाने से बचना चाहिए।

संदेश साफ है—युद्ध या सैन्य अभियान के समय सबसे बड़ा हथियार केवल सेना नहीं, बल्कि सही सूचना भी होती है। फेक न्यूज दुश्मन के प्रचार तंत्र को ताकत दे सकती है, इसलिए हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पहले सत्यापन करे, फिर साझा करे।

# हमले नहीं रुके तो ईरान का अस्तित्व खत्म हो जाएगा... ट्रंप की तेहरान को खुली धमकी



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर गहरा गया है। लगातार दूसरे दिन अमेरिका ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेहरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ईरान ने युद्धविराम का उल्लंघन जारी रखा, तो उसके अस्तित्व पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका अपने हितों और सहयोगी देशों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगा। उन्होंने ईरान से तत्काल हमले रोकने और क्षेत्र में तनाव कम करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि किसी भी उकसावे का जवाब निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी स्पष्ट कर चुके हैं कि यदि अमेरिकी हितों या उसके सहयोगियों पर हमला हुआ, तो उसका जवाब पूरी ताकत से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि "हिंसा का जवाब हिंसा से दिया जाएगा" और अमेरिका अपनी सुरक्षा को लेकर कोई नरमी नहीं बरतेगा। उधर, ईरान की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की आशंका बनी हुई है, जिससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार दोनों देशों से संयम बरतने और कूटनीतिक समाधान तलाशने की अपील कर रहा है, ताकि क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की स्थिति से बचा जा सके।

# विकसित भारत 2047 की नींव गांवों से होगी मजबूत, शिवराज सिंह चौहान ने रखा रोडमैप

**ग्रामीण विकास मंत्री बोले- आत्मनिर्भर गांव, मजबूत पंचायतें और आधुनिक ग्रामीण अर्थव्यवस्था ही विकसित भारत का आधार; रोजगार, बुनियादी सुविधाओं और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर**



नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में गांवों की निर्णायक भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि देश का भविष्य तभी मजबूत होगा, जब गांव आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास केवल सड़क, आवास और पेयजल तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों में रोजगार, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल कनेक्टिविटी और महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य ग्रामीण भारत को विकास की मुख्यधारा में लाना है। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, स्वयं सहायता समूहों और अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांवों में आधुनिक बुनियादी ढांचा, कृषि आधारित उद्योग, कौशल विकास और स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार इस दिशा में पंचायतों को सशक्त बनाने और तकनीक आधारित ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दे रही है। केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से भी नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से गांवों के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र और राज्यों के समन्वित प्रयासों से वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में ग्रामीण भारत सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरेगा।

# अब जमीन नहीं, आसमान बना तस्करों का नया रास्ता... 5 साल में ड्रोन से ड्रग तस्करी 100 गुना बढ़ी

**सीमा पार से ड्रोन, डार्कनेट और हाईटेक नेटवर्क के जरिए भारत में पहुंच रही नशे की खेप; सुरक्षा एजेंसियों ने बदली रणनीति, बड़े नेटवर्क पर कसा शिकंजा**

नई दिल्ली। भारत में मादक पदार्थों की तस्करी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले जहां तस्कर सीमा पार से सुरंगों, वाहनों और मानव नेटवर्क के जरिए नशे की खेप भेजते थे, वहीं अब ड्रोन, डार्कनेट, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म और क्रिप्टोकरेंसी जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में ड्रोन के जरिए ड्रग तस्करी की घटनाओं में करीब 100 गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है। सीमा से सटे राज्यों, खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन के जरिए हथियार, हेरोइन और अन्य मादक पदार्थ गिराने के कई मामले सामने आए हैं। छोटे आकार के ड्रोन रात के अंधेरे में सीमा पार से उड़ान भरते हैं और तय स्थान पर नशे की खेप गिराकर वापस लौट जाते हैं, जिससे तस्करों तक पहुंचना और उन्हें पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

ड्रोन के अलावा तस्कर अब डार्कनेट और एन्क्रिप्टेड ऐप्स के जरिए खरीदारों और सप्लायरों से संपर्क कर रहे हैं। भुगतान के लिए क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल होने से लेनदेन का पता लगाना भी कठिन हो गया है। इससे ड्रग नेटवर्क पहले की तुलना में अधिक संगठित और तकनीकी रूप से सक्षम हो गए हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया है। सीमा पर एंटी-ड्रोन सिस्टम, रडार, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी उपकरणों की तैनाती बढ़ाई गई है। साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB), सीमा सुरक्षा बल (BSF), राज्य पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां संयुक्त अभियान चलाकर ड्रग सिंडिकेट पर कार्रवाई कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ड्रोन और डिजिटल तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों को भी लगातार अपनी तकनीक और रणनीति अपडेट करनी होगी। केवल सीमा पर निगरानी बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 29 जून 2026



# शिक्षा से वंचित न रहे कोई भी बच्चा, शत-प्रतिशत नामांकन हमारी प्राथमिकता : डीपीसी दफेदार सिंह

**अतुल जैन**

खनियाधाना में शिक्षा विभाग की मैराथन समीक्षा बैठक, अपार आईडी, चाइल्ड ट्रैकिंग, यू-डाइस, साक्षर भारत और मध्यान्ह भोजन योजना पर दिए सख्त निर्देश

खनियाधाना । आगामी शैक्षणिक सत्र को पूरी तरह व्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद पंचायत सभागार खनियाधाना में शिक्षा विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) दफेदार सिंह ने की। उन्होंने अधिकारियों, जन शिक्षकों और विद्यालय प्रमुखों को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि विकासखंड का कोई भी पात्र बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना ही विभाग का सबसे बड़ा लक्ष्य है।



डीपीसी ने कहा कि शिक्षा केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का मौलिक और संवैधानिक अधिकार है। इसके लिए शिक्षक एवं शिक्षा विभाग का अमला गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करे जो अभी तक विद्यालय से नहीं जुड़े हैं। अभिभावकों से संवाद स्थापित कर उन्हें विद्यालय तक लाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में बीआरसी संजय भदोरिया, समस्त बीएसी, जन शिक्षक, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा अशासकीय विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे। डीपीसी ने निर्देश दिए कि विद्यालय खुलते ही अनुशासित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण दिखाई देना चाहिए। समय पर प्रार्थना, नियमित घंटी, 'आज का शुभ विचार', बाल कैबिनेट का गठन तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सीखने की ललक विकसित हो सके।

उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए ओलंपियाड,एनएमएमएस और नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ से ही कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही प्रतिदिन श्रुतलेख और सुलेख का अभ्यास, कॉपियों का समयबद्ध मूल्यांकन तथा नियमित फेयर कार्य कराने के निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों की लेखन क्षमता और सीखने का स्तर बेहतर हो सके। बैठक में अपार आईडी, यू-डाइस प्रोग्रेशन, चाइल्ड ट्रैकिंग और साक्षर भारत अभियान की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीपीसी ने सभी विद्यालयों में स्टॉक पंजी, संपर्क पंजी एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के अद्यतन संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र के अभिभावकों के मोबाइल नंबर दर्ज किए जाएं तथा अनुपस्थित विद्यार्थियों के घर पहुंचकर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जाए।

मध्यान्ह भोजन योजना की समीक्षा के दौरान डीपीसी ने स्पष्ट किया कि बच्चों को निर्धारित समय पर स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना प्रत्येक विद्यालय की जिम्मेदारी है। भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के समापन पर डीपीसी ने खनियाधाना विकासखंड में विभिन्न शैक्षणिक नवाचारों, प्रभावी मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारियों, जन शिक्षकों और शिक्षकों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए "कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे" अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ मजेसरी में श्री देवनारायण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

## अंबाजी धाम निपानिया के गुरुदेव ने पहुंचकर दिए आशीर्वचन



दलोदा। मजेसरी स्थित श्री देवनारायण मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर विधि-विधान के साथ श्री देवनारायण भगवान की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित दिनेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने विधि-विधान से यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा की सभी धार्मिक प्रक्रियाएं पूर्ण करवाईं। इस अवसर पर मालवा के प्रसिद्ध अंबाजी धाम निपानिया के पूज्य गुरुदेव भी आयोजन में पहुंचे और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने आशीर्वचन में गुरुदेव ने कहा कि माता-पिता की सेवा से ही मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धर्म से जुड़ने पर धर्म समाज को आपस में जोड़कर रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देते हैं। प्रत्येक गांव में इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए, जिससे हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे और युवाओं को सामाजिक एकता की प्रेरणा मिले। आयोजन की विशेष बात यह रही कि सभी समाज के लोगों ने एक साथ हवन में आहुतियां देकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

# 100 क्वार्टर अवैध देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, बाइक भी जब्त

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर, 28 जून। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी



क्रम में रविवार को वृत्त आंतरिक-2 प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक जया मुजाल्दे ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर सदर बाजार निवासी संदीप पिता धर्मेंद्र मौर्या (31 वर्ष) की मोटरसाइकिल क्रमांक MP-09-VD-1677 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक प्लास्टिक के बोरे से 100 क्वार्टर देसी मसाला मदिरा बरामद की गई। आबकारी विभाग ने कुल 18 बल्क लीटर अवैध मदिरा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। जब्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 95 हजार रुपये बताया गया है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा एवं राहुल जामोद का विशेष योगदान रहा। जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई, अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त





**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर, 28 जून। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट बनाकर सघन जांच की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को वृत्त महू 'अ' की आबकारी टीम ने चेकिंग के दौरान संदेह के आधार पर राहुल पिता केसर सिंह (23 वर्ष), निवासी पिगडम्बर, महू (इंदौर) की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-09-एक्सडी-7682 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से अवैध देसी मसाला मदिरा बरामद की गई।

आबकारी विभाग ने बरामद मदिरा एवं परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहन को जब्त कर लिया। जब्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 85,300 रुपये बताया गया है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। जिला आबकारी विभाग ने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार

# मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो शातिर आरोपी गिरफ्तार, 5 मोबाइल और पल्सर बाइक जब्त

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। शहर में लगातार हो रही मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए थाना अन्नपूर्णा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 5 मोबाइल फोन एवं वारदात में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार, 23 मार्च 2026 को थाना अन्नपूर्णा क्षेत्र के उषा नगर, क्रांति कृपलानी नगर और इंद्रलोक कॉलोनी में मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं सामने आई थीं। शिकायत के आधार पर थाना अन्नपूर्णा में अपराध क्रमांक 382/26 के तहत धारा 304(2) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दिशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त शिवेन्दु जोशी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हितगोपाल यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने राहुल पिता गोपाल रावत निवासी विदुर नगर कॉलोनी तथा संयम पिता राजेश मोर निवासी बापू घनश्याम दास नगर को गिरफ्तार किया।




पूछताछ में दोनों आरोपियों ने 23 मार्च को उषा नगर, क्रांति कृपलानी नगर और इंद्रलोक कॉलोनी क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई बजाज पल्सर मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। थाना अन्नपूर्णा पुलिस की इस कार्रवाई को शहर में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# बिजली के खंभे में करंट उतरने से गौमाता की मौत, भाजपा नेता राम कश्यप ने संभाला मोर्चा



खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर स्टेशन रोड पर शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। बिजली के खंभे में करंट उतर आने से एक गौमाता उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा वार्ड क्रमांक 10 के मंडल मीडिया प्रभारी राम कश्यप स्थानीय नागरिकों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने संबंधित बिजली विभाग एवं अन्य अधिकारियों को सूचना देकर तुरंत कार्रवाई कराई। साथ ही मृत गौमाता को सम्मानपूर्वक हटाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी करवाई। राम कश्यप ने बताया कि पूरे मामले के समाधान तक वे देर रात तक घटनास्थल पर मौजूद रहे और संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग से मांग की है कि क्षेत्र के सभी बिजली के खंभों की जांच कर दोषपूर्ण खंभों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस घटना ने एक बार फिर बिजली व्यवस्था की सुरक्षा और रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सार्वजनिक स्थानों व ढाबों पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 16 प्रकरण दर्ज

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं ढाबों पर अवैध मदिरा सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राघवेंद्र सिंह कुशवाह, जहांगीर खान एवं प्रीति चौबे के नेतृत्व में 26 जून 2026 को वृत्त पलासिया, बलदा कॉलोनी की प्रभारी उप-निरीक्षक प्रियंका रानीचौरसिया की टीम ने विभिन्न स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान रिंग रोड स्थित एनपीडी, यश का ढाबा, ढाबा शाबा, काका की महफिल, कमाल कपूर एवं वीर जी का ढाबा सहित अन्य



स्थानों पर सार्वजनिक रूप से मदिरापान एवं आबकारी अधिनियम के उल्लंघन पाए जाने पर धारा 36-ए के तहत 8 प्रकरण तथा धारा 36-बी के तहत 8 प्रकरण, कुल 16 प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान लगभग 10 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है। आबकारी विभाग ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि सामाजिक रूप से नशामुक्त एवं सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक कैलाश अखाड़े, परमजीत कौर एवं अजय चंद्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# कर्बला जाने वाले अखाड़े ताजिए झांकियां के निर्माणकर्ता एवं कलाकारों एवं शहर काजी को राजवाड़ा का प्रतीक चिह्न देकर कर किया सम्मानित

खुशबू श्रीवास्तव

आज संस्था सर्वधर्म संघ द्वारा हर साल की तरह इस साल भी यशवंत रोड पर मंच लगाकर कर्बला जाने वाले तमाम अखाड़े एवं ताजिए के संचालक कर्ताओं एवं कलाकारों का सम्मान इस मंच से किया गया संस्था अध्यक्ष मंजूर बेग ने बताया है कि इंदौर में होलकर वंश के जमाने से लगातार सरकारी ताजिए साथ है जूना रिसाले अखाड़ा कर्बला का रोजा का झांकी बनाई गई थी वहीं चौकी वालों ने मदीने मनावर का झांकी का प्रदर्शन किया इन सभी कलाकारों एवं निर्माणकर्ता एवं मुख्य शहर काजी डॉक्टर इशरत अली को शॉल उड़ाकर राजवाड़े का प्रतीक चिन्ह





देकर सम्मान किया गया इस कड़ी में किन्नर समाज एवं खटीक समाज अन्य हिंदू समाज के ताजियों अखाड़ा के निर्माण कर्ताओं को भी प प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत कर प्रतीक चिन्ह दिए गए ताजिए अखाड़े झांकियों के उस्ताद खलीफा कलाकारों को भी चंदन की माला पहना कर सम्मान किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रियाज खान सोहेल पठान बाबा माहिर शाह सतीश शर्मा शाकिर लाला मुकेश बजाज यूनुस खान रवीश पचोरिया धर्मेंद्र पेमल एजाज कुरैशी समीर बैग तहसील खान एडवोकेट गोलू शेख फैजान बैग पत्रकार जाकिर खान शकील खान आदि लोग मौजूद थे ।। आपका मंजूर बैग संस्था अध्यक्ष 26 जून 2026

# एकाग्रता और कार्यक्षमता में सुधार लाता है सहजयोग



आज का युग तीव्र प्रतिस्पर्धा, भागदौड़ और निरंतर मानसिक व्यस्तता का युग है। मनुष्य का अधिकांश समय भविष्य की चिंताओं और अतीत की स्मृतियों में बीत जाता है, जिसके कारण मन वर्तमान कार्य पर पूरी तरह केंद्रित नहीं रह पाता। परिणामस्वरूप तनाव बढ़ता है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और कार्य की गुणवत्ता में भी कमी आने लगती है। ऐसे समय में सहजयोग ध्यान एक ऐसी साधना के रूप में सामने आता है, जो व्यक्ति को अपने भीतर की शांति से जोड़कर मन को स्थिर और एकाग्र बनाने का मार्ग प्रदान करता है।

सहजयोग केवल ध्यान करने की एक विधि नहीं है, बल्कि यह आत्म-साक्षात्कार का एक सहज मार्ग माना जाता है। इसकी स्थापना श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस उद्देश्य से की कि प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी कठिन तपस्या या जटिल साधना के अपने भीतर विद्यमान आध्यात्मिक कुंडलिनी शक्ति का अनुभव कर सके। प्रत्येक मनुष्य के भीतर मेरुदंड के मूल में कुण्डलिनी नामक एक सूक्ष्म आध्यात्मिक शक्ति सुप्त अवस्था में विद्यमान रहती है। जब यह शक्ति जागृत होती है, तब साधक का ध्यान सहज रूप से भीतर की ओर स्थापित होने लगता है और वह विचारों के निरंतर प्रवाह से ऊपर उठकर निर्विचार जागृति (Thoughtless Awareness) की अवस्था का अनुभव कर सकता है। इसी अवस्था में मन वास्तविक शांति, संतुलन और स्पष्टता प्राप्त करता है। जब मन अनावश्यक विचारों और मानसिक तनाव से मुक्त होने लगता है, तब स्वाभाविक रूप से एकाग्रता बढ़ती है। व्यक्ति का ध्यान बार-बार भटकने के बजाय वर्तमान कार्य पर टिकने लगता है। विद्यार्थी पढ़ाई में अधिक मन लगा पाते हैं, कर्मचारी अपने कार्यों को अधिक दक्षता से पूरा कर सकते हैं और व्यवसायी अधिक स्पष्ट एवं संतुलित निर्णय लेने में सक्षम हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन में भी धैर्य, समझदारी और सकारात्मक सोच का विकास होने से पारिवारिक संबंध अधिक मधुर बन सकते हैं।

सहजयोग का नियमित अभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शांत और संतुलित मन परिस्थितियों का बेहतर विश्लेषण करता है, समय का सदुपयोग करता है और चुनौतियों का सामना घबराहट के बजाय विवेक से करता है। जब मानसिक ऊर्जा अनावश्यक चिंताओं में व्यर्थ नहीं होती, तब वही ऊर्जा रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और उत्पादक कार्यों में लगने लगती है। इससे व्यक्ति कम समय में अधिक गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की क्षमता विकसित कर सकता है।

आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों में भी सहजयोग ध्यान को तनाव कम करने, ध्यान क्षमता बढ़ाने और मानसिक स्पष्टता विकसित करने में सहायक पाया गया है। नियमित सहजयोग ध्यान के मानसिक लाभों को लेकर पर्याप्त शोध उपलब्ध हैं। यही कारण है कि आज विश्व के अनेक देशों में लोग मानसिक संतुलन और बेहतर जीवनशैली के लिए सहजयोग का अभ्यास कर रहे हैं।

अंततः कहा जा सकता है कि एकाग्रता और कार्यक्षमता केवल बाहरी संसाधनों से नहीं, बल्कि मन की आंतरिक स्थिरता से विकसित होती हैं। सहजयोग व्यक्ति को उसी आंतरिक स्थिरता का अनुभव कराने का प्रयास करता है। जब मन शांत, संतुलित और निर्विचार होता है, तब विचार अधिक स्पष्ट होते हैं, निर्णय अधिक प्रभावी होते हैं और प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता स्वतः दिखाई देने लगती है। इसलिए सहजयोग केवल ध्यान की एक तकनीक नहीं, बल्कि एक ऐसा जीवन-दर्शन है जो व्यक्ति को भीतर से सशक्त बनाकर उसके व्यक्तित्व, कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता को नई दिशा देने का प्रयास करता है। सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल-फ्री नंबर 1800-2700-800 अथवा www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

# आत्मसाक्षात्कार: सहजयोग द्वारा स्वयं को जानने की सहज यात्रा



अपने आप को जानना ही जीवन का सबसे बड़ा ज्ञान है। मनुष्य जीवन का सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है—"मैं कौन हूँ?" इसी प्रश्न का उत्तर आत्मसाक्षात्कार है। इसका अर्थ है अपने वास्तविक स्वरूप, अर्थात् शुद्ध आत्मा का प्रत्यक्ष अनुभव करना। जब व्यक्ति यह अनुभव करता है कि वह केवल शरीर या मन नहीं, बल्कि एक शाश्वत चेतना है, तभी उसके जीवन में शांति, संतुलन और आनंद का उदय होता है। सामान्य धारणा रही है कि आत्मसाक्षात्कार केवल कठिन तपस्या या संन्यास से ही संभव है। किंतु  द्वारा स्थापित सहजयोग इस धारणा को सरल बनाता है। सहजयोग के अनुसार आत्मसाक्षात्कार प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है और यह सहज, प्राकृतिक तथा अनुभव-आधारित प्रक्रिया से प्राप्त किया जा सकता है।

"सहज" का अर्थ है—जो स्वाभाविक हो, और "योग" का अर्थ है—परम चेतना से मिलन। सहजयोग का आधार यह है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर स्थित कुण्डलिनी नामक सूक्ष्म आध्यात्मिक शक्ति, उचित परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से जागृत होकर व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार का अनुभव करा सकती है।सहजयोग में ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित कुण्डलिनी शक्ति के जागरण का अनुभव करता है। यह किसी धर्म, जाति, भाषा या देश तक सीमित नहीं है। गृहस्थ, विद्यार्थी, कर्मचारी या वरिष्ठ नागरिक कोई भी इसका अभ्यास कर सकता है। नियमित सहजयोग ध्यान से मन शांत होता है, तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा व्यक्ति के भीतर करुणा, संतोष और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित होने लगते हैं। यह संसार से भागने का नहीं, बल्कि जीवन के दायित्व निभाते हुए आंतरिक संतुलन प्राप्त करने का मार्ग है। अंततः, आत्मसाक्षात्कार स्वयं को जानने की यात्रा है और सहजयोग इस यात्रा को सरल, सहज और सर्वसुलभ बनाता है। यह बताता है कि आध्यात्मिकता केवल आश्रमों या पर्वतों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर विद्यमान है। जब मनुष्य स्वयं को जान लेता है, तभी वह संसार को सही दृष्टि से देख पाता है। आत्मसाक्षात्कार से आरंभ होने वाली यह आंतरिक यात्रा ही जीवन को शांति, संतुलन और सच्चे आनंद की दिशा में अग्रसर करती है। सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल-फ्री नंबर 1800-2700-800 अथवा www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

# "संगठन में सक्रिय रहकर अपने हक के लिए लड़ें पत्रकार": जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना

गुलाना ब्लॉक श्रमजीव पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन; 30 जून को कालापीपल में जिला सम्मेलन



आनंद मेवाड़ा सलसलाई

मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ ब्लॉक गुलाना की बैठक शनिवार को गोविंद जाने गौशाला दास्तांखेड़ी में संपन्न हुई। बैठक में ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और 30 जून को कालापीपल में होने वाले जिला स्तरीय सम्मेलन की रूपरेखा बनाई गई।

### "पत्रकारों का स्वाभिमान संगठन से ही बचेगा"

जिला अध्यक्ष अभिषेक 'चिंटू' सक्सेना ने ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ प्रदेश का सबसे बड़ा संगठन है जो लगातार पत्रकारों के हित और हक की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा, "अब पत्रकारों को भी संगठन में सक्रिय रहकर कार्य करना होगा और अपने हक के लिए संगठन के निर्देशों का पालन कर आगे आना होगा। तभी पत्रकारों का स्वाभिमान व सम्मान बचेगा। संगठन तो बहुत हैं, पर श्रमजीव पत्रकार संघ हमेशा पत्रकारों के हित में ही खड़ा रहता है।" बैठक में अतिथि के रूप में जिला सचिव आनंद मेवाड़ा, संयुक्त सचिव प्रेम साहू व ब्लॉक अध्यक्ष सलीम शेख मौजूद रहे।

### ब्लॉक की नई कार्यकारिणी घोषित

बैठक में सर्वसम्मति से गुलाना ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया*उपाध्यक्ष*: दीवान मेवाड़ा, किशोर राजगुरु सचिव*: हुकम कुशवाह, राजेन गुजराती संयुक्त सचिव*: रोशन मेवाड़ा, दिनेश जायसवाल कोषाध्यक्ष*: पंकज राठौर महासचिव*: जगदीश प्रजापति कार्यकारिणी सदस्य*: संजय नागर, भारत प्रजापति, रहिस शेख, भीम परमार, मुकेश शर्मा, मनोज राजपूत, मनीष नागर, सुनील गोयल सहित सभी सदस्य।

### 29-30 जून के कार्यक्रम की रूपरेखा तय

बैठक में बताया गया कि मध्य प्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया 29 जून को रतलाम से शुजालपुर जाते समय सलसलाई में रुकेंगे। यहां ब्लॉक स्तर पर उनका स्वागत किया जाएगा। वहीं 30 जून को सुबह 9:00 बजे कालापीपल में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा,

# जंगल में जहर! कटनी के तालाब में जहर घोलकर 14 बेजुबानों की हत्या... अब बाघों की जान पर भी मंडरा रहा खतरा

**मध्यप्रदेश के कटनी जिले से आई यह खबर केवल वन्यजीवों की मौत नहीं, बल्कि जंगल के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर सुनियोजित हमला है। तालाब में कथित रूप से जहर मिलाए जाने से 14 चीतल और सांभरों की मौत हो गई। सबसे बड़ी चिंता यह है कि इन्हीं मृत जानवरों को खाने वाले बाघ, तेंदुए और अन्य मांसाहारी वन्यजीव भी जहर की चपेट में आ सकते हैं। वन विभाग ने क्षेत्र को अलर्ट पर रख दिया है।**

जलस्रोतों की निगरानी बढ़ा दी गई है, संदिग्ध शिकारियों से पूछताछ जारी है और पूरे इलाके में गश्त तेज कर दी गई है। मृत वन्यजीवों के नमूनों की जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि पानी में कौन-सा विषैला पदार्थ मिलाया गया था।

लेकिन सवाल सिर्फ इतना नहीं कि जहर किसने मिलाया? सवाल यह भी है कि जंगल के भीतर मौजूद जलस्रोत तक अपराधी आखिर



पहुंचे कैसे? क्या वन सुरक्षा तंत्र इतना कमजोर हो चुका है कि कोई बेखौफ होकर पूरे तालाब को जहर से भर दे? यदि यह घटना शिकार के इरादे से अंजाम दी गई है, तो यह साधारण वन अपराध नहीं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण कानून की खुली चुनौती है। एक तालाब में जहर घोलना केवल 14 जानवरों को मारना नहीं, बल्कि पूरे खाद्य-श्रृंखला को जहरीला बना देना है। कटनी की यह घटना चेतावनी है कि वन माफिया अब बंदूक से ज्यादा जहर का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे अपराधियों पर केवल मामला दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा।

इन्हें ऐसी सजा मिलनी चाहिए जो भविष्य में किसी भी शिकारी को जंगल की ओर आंख उठाकर देखने से पहले सौ बार सोचने पर मजबूर कर दे। जंगल केवल जानवरों का घर नहीं, प्रकृति की धड़कन हैं। यदि तालाबों में जहर घोला जाएगा, तो मरेंगे सिर्फ चीतल और सांभर नहीं—मरता जाएगा हमारा पर्यावरण, हमारी जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों का प्राकृतिक भविष्य।

## रणजीत टाइम्स के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्मारिका का भव्य विमोचन

रणजीत टाइम्स के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रकाशित विशेष स्मारिका (मैगजीन) का भव्य विमोचन स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खरीवाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने रणजीत टाइम्स की दस वर्षों की निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता की सराहना करते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने संस्था द्वारा समाज के विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा पत्रकारिता के उच्च मानकों का पालन करने के प्रयासों की प्रशंसा की।

स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रणजीत टाइम्स ने पिछले एक दशक में जनसरोकारों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने रणजीत टाइम्स परिवार को 10 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि संस्था भविष्य में भी निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज की सेवा करती रहेगी।



## विदेश मंत्रालय की सलाह

भारत के विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सभी आवश्यक यात्रा दस्तावेज, अनुमति पत्र और औपचारिक मंजूरियां प्राप्त होने के बाद ही अपनी यात्रा शुरू करें। मंत्रालय ने कहा कि यात्रा से पहले पासपोर्ट, वीज़ा, यात्रा परमिट, चिकित्सा फिटनेस प्रमाणपत्र तथा अन्य जरूरी दस्तावेजों की अच्छी तरह जांच कर लें। बिना पूर्ण दस्तावेजों के यात्रा शुरू करने पर श्रद्धालुओं को सीमा पर या यात्रा मार्ग में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

विदेश मंत्रालय ने यात्रियों से आधिकारिक दिशा-निर्देशों का पालन करने, मौसम और स्वास्थ्य संबंधी सलाह को गंभीरता से लेने तथा केवल अधिकृत माध्यमों से यात्रा करने की भी अपील की है। कैलाश मानसरोवर यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ कठिन भौगोलिक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरती है। ऐसे में सुरक्षित और सुचारु यात्रा के लिए सभी औपचारिकताओं को समय पर पूरा करना बेहद आवश्यक है।

## सिंधिया ने गुना को दी 42 करोड़ की सौगात, कूनो नदी का होगा कायाकल्प



**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कूनो नदी के जीर्णोद्धार के लिए 42 करोड़ रुपये की परियोजना को दी मंजूरी, जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को मिलेगा बढ़ावा**

गुना। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना जिले के लिए बड़ी सौगात देते हुए कूनो नदी के जीर्णोद्धार हेतु 42 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दिलाई है।

इस योजना का उद्देश्य नदी का पुनर्जीवन, जल संरक्षण, भूजल स्तर में सुधार और क्षेत्र के पर्यावरण को मजबूत करना है। परियोजना के तहत नदी की सफाई, गहरीकरण, तटों का संरक्षण, जल प्रवाह को सुचारु बनाने तथा आवश्यक संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इससे न केवल नदी का स्वरूप बदलेगा, बल्कि आसपास के गांवों और किसानों को भी दीर्घकालिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

सिंधिया ने कहा कि विकास कार्य केवल सड़क और भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जल संसाधनों का संरक्षण भी भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कूनो नदी के पुनर्जीवन से क्षेत्र में जल संकट कम होगा और पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि वर्षों से उपेक्षित कूनो नदी अब फिर से जीवनदायिनी बन सकेगी। प्रशासन को जल्द ही परियोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मोहर्रम पर झाबुआ में निकले छोटे-बड़े ताजिए




**सलीम हुसैन**

झाबुआ मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को झाबुआ जिले में छोटे-बड़े कई ताजिए निकाले गए। इस दौरान मुस्लिम समाज ने 680 ईस्वी में हुई हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ताजिए जुल्म और अन्याय के खिलाफ इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में निकाले गए। झाबुआ शहर में लगभग 1 दर्जन ताजिए विभिन्न मोहल्लों से निकलकर राजावाडा चौक पर एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस हुसैनी चौक से , शंकर मंदिर , भोजमार्ग सहित प्रमुख मार्गों से होता हुआ करबला पहुंचा, जहां देर रात सभी ताजियों को रस्म पूरी की जुलूस के दौरान जगह जगह पर शरबत खाने पीने की वस्तु भी बाटी गई बैंड-बाजों पर हुसैनी कलाम पर धुनें गूंजती रहीं। कई युवाओं ने पारंपरिक करतब भी प्रस्तुत किए। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। जिन मार्गों से ताजिए निकले, वहां एहतियात के तौर पर बिजली विभाग के विधुत कर्मी भी उपस्थित रहे , ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

# प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर जयेंद्र गाडगे सम्मानित

**महाराष्ट्र शासन के सामाजिक वानिकी विभाग, अचलपुर, अध्ययन समाचार तथा साईनाथ हीरो, परतवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "निसर्गमित्र पुरस्कार" समारोह में पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर जयेंद्र गाडगे को सम्मानित किया गया।**

इस अवसर पर मेळघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवलराम काले, अचलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रवीणभाऊ तायडे, अचलपुर नगर परिषद की अध्यक्ष रुपालीताई माथने, नगरसेविका अर्पणाताई रोडे, साईनाथ हीरो होंडा शोरूम के संचालक धनंजय नाकील, जितेंद्रजी रोडे (संपादक, अध्ययन समाचार), नगर परिषद के मुख्य अधिकारी धीरजजी गोहाड, सामाजिक वानिकी अधिकारी सुशांतजी काले, धारणी नगर पंचायत के नगरसेवक उत्तमभाऊ मोडक तथा पूर्व पंचायत सदस्य विशाल काकड़ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं प्रकृति संवर्धन के महत्व पर विचार व्यक्त किए गए तथा समाज को अधिक से अधिक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। जयेंद्र गाडगे को मिले इस सम्मान पर उपस्थित अतिथियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

# असली और नकली पत्रकार: आखिर कब होगी पहचान?

**खुशबू श्रीवास्तव**

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कही जाने वाली पत्रकारिता का आधार सत्य, निष्पक्षता और जनहित है। पत्रकार का धर्म सत्ता की प्रशंसा करना नहीं, बल्कि जनता के सामने सच लाना है। लेकिन आज का सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर असली और नकली पत्रकार की पहचान कौन करेगा? आज कुछ लोगों के गलत आचरण का दाग पूरे पत्रकारिता जगत पर लग जाता है। कुछ लोग पत्रकारिता की आड़ में निजी स्वार्थ साधते हैं, जबकि दूसरी ओर कई ईमानदार और निष्पक्ष पत्रकार जनता के मुद्दों, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं को उजागर करने के कारण दबाव, मुकदमों और बदनामी का सामना करते हैं।

कई बार किसी पत्रकार पर आरोप लगते ही उसे "ब्लैकमेल पत्रकार" कह दिया जाता है, जबकि मामले की निष्पक्ष जांच पूरी भी नहीं हुई होती। आरोप और दोष सिद्ध होने में बड़ा अंतर होता है। यदि किसी ने कानून का उल्लंघन किया है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन बिना प्रमाण किसी पत्रकार को अपराधी घोषित कर देना न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। यह भी उतना ही सच है कि पत्रकारिता के नाम पर गलत कार्य करने वालों को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। ऐसे लोगों पर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि समाज का भरोसा पत्रकारिता पर बना रहे। लेकिन इसी के साथ ईमानदारी से काम करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान भी सुनिश्चित होना चाहिए। जब सच लिखने वाले पत्रकारों को धमकियां मिलें, मुकदमों का सामना करना पड़े या उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जाए, तब सबसे बड़ा नुकसान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं होता, बल्कि लोकतंत्र और जनता के जानने के अधिकार का होता है। आज जरूरत इस बात की है कि व्यक्ति नहीं, बल्कि तथ्य और साक्ष्य बोलें। पत्रकार की पहचान उसके कैमरे, आईडी कार्ड या सोशल मीडिया से नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता, ईमानदारी और जनहित में किए गए कार्यों से होनी चाहिए। क्योंकि जब सच बोलने वालों की आवाज दबने लगती है, तब लोकतंत्र भी कमजोर होने लगता है। इसलिए सवाल यह नहीं कि कौन पत्रकार है, बल्कि सवाल यह है कि कौन सच के साथ खड़ा है।

# कोरबा में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को मिला छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का सहयोग 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक, अभिभावकों को किया गया जागरूक



राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा रामसागरपारा स्थित वार्ड क्रमांक-1 के बूथ क्रमांक-174 में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने तथा अभिभावकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वार्ड की मितानिन विमल जगत, एएनएम कृष्णा कुशवाहा, एमपीडब्ल्यू पुष्पा मिरी एवं महेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की दो बूंद पिलाना आवश्यक है, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य पूरा हो सके।अभियान के दौरान बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के साथ चॉकलेट का भी वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के सदस्यों ने बूथ पर पहुंचकर अभिभावकों को बच्चों सहित टीकाकरण केंद्र तक लाने और अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में सहयोग किया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, मीडिया प्रभारी रामायण सिंह (रामा), प्रवक्ता अनिल गिरी, राजकुमार पटेल, दिलीप यादव, राहुल, विजय, दीपक, रंजन ओंकार, हर्ष नेताम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज से अपील की कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे और "हर बच्चा, हर बार – पोलियो की दो बूंद जरूर" के संदेश के साथ अभियान को सफल बनाया।

# मोहर्रम पर झाबुआ पुलिस रही पूरी तरह मुस्तैद, त्यौहार शांतिपूर्ण सम्पन्न

**सलीम हुसैन**

मोहर्रम त्यौहार के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार ने पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकालकर प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, लगातार निगरानी बनाए रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा थांदला, पेटलावद एवं राणापुर में मोहर्रम जुलूस मार्ग तथा आयोजन स्थलों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। झाबुआ पुलिस की प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था, सतत निगरानी एवं समुचित पुलिस बंदोबस्त के परिणामस्वरूप जिले में मोहर्रम त्यौहार शांतिपूर्ण।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने जारी किया नया रोस्टर
# MP-MLA से जुड़े मामलों की सुनवाई नहीं करेंगी जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा, मिली ये जिम्मेदारी

रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा अब सूचना के अधिकार (RTI), कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों समेत अन्य मामलों की सुनवाई करेंगी। वहीं, जस्टिस मनोज जैन को कई महत्वपूर्ण मामलों की जिम्मेदारी दी गई है। नए रोस्टर के तहत वह विभिन्न प्रकार के जमानत मामलों, वर्ष 2026 की क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन, रिट पिटीशन, क्रिमिनल लीव पिटीशन और कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई करेंगे।




### जस्टिस स्वर्ण कांता कौन-से मामले सुनेंगी?

इससे पहले मौजूदा और पूर्व सांसदों व विधायकों से जुड़े मामलों का रोस्टर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के पास था। नए बदलाव के बाद जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को सिविल रोस्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा RTI से जुड़ी सिविल रिट पिटीशन, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले, माइन्स, डीटीसी, अर्बन आर्ट्स कमीशन और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से संबंधित रिट पिटीशन की सुनवाई करेंगी। वहीं जस्टिस मनोज जैन को जमानत से जुड़े मामलों, क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन, रिट पिटीशन, क्रिमिनल लीव पिटीशन और सांसदों-विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई की जिम्मेदारी दी गई है।

### शराब नीति मामले लेकर चर्चा में रहीं जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा हाल के दिनों में दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े मामले की सुनवाई को लेकर चर्चा में रही थीं। इस मामले में अरविंद केजरीवाल की ओर से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को सुनवाई से अलग करने की मांग की गई थी। केजरीवाल ने मामले की सुनवाई से जज को हटाने के लिए याचिका दायर की थी।

हालांकि, जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका को खारिज कर दिया था और मामले की सुनवाई जारी रखी थी।

# दिल्ली पुलिस का 'ऑपरेशन कवच 14.0'

पुलिस ने ड्रग्स तस्करों और आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 1,474 पुलिस टीमों का गठन किया था। अभियान के दौरान की गई छापेमारी में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अलग-अलग तरह के नशीले पदार्थ बरामद किए। इनमें 237.46 किलोग्राम गांजा, 5.18 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा, करीब 1.1 किलोग्राम हेरोइन, 159.8 ग्राम कोकीन, 366.48 ग्राम चरस, 101.1 ग्राम एमडीएमए और 186 ग्राम मेथामफेटामाइन शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने ब्यूप्रेनोर्फिन (ओपिओइड) की 2,640 गोलियां, फेनिरामाइन के 287 इंजेक्शन और कथित मादक पदार्थ तस्करी से हासिल 23.27 लाख रुपये की संदिग्ध नकदी भी जब्त की है। दिल्ली पुलिस के 'ऑपरेशन कवच 14.0' के तहत नशे के खिलाफ जारी कार्रवाई में पुलिस ने कई बड़ी बरामदगी की है।

अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस ने दो कथित ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 5.2 किलोग्राम से ज्यादा हाइड्रोपोनिक गांजा, कोकीन, चरस और एमडीएमए के अलावा 4.27 लाख रुपये नकद और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान उसकी मोटरसाइकिल से 122 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पुलिस नरेला में हेरोइन तस्कर गिरफ्तार पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, नरेला में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 262 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। वहीं नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक अन्य कार्रवाई के दौरान एक कथित तस्कर के पास से 276 ग्राम हेरोइन और नकदी मिली। अधिकारियों ने बताया कि ड्रग्स से जुड़े मामलों में अभियान के दौरान कुल 212 केस दर्ज किए गए। इसके अलावा पुलिस ने दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की। इस दौरान 398 मामले दर्ज किए गए और 405 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 53,448 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा राम मंदिर चढ़ावा चोरी केस, कल मेंशनिंग के लिए सूचीबद्ध



अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस संबंध में दायर याचिका को सोमवार को मेंशनिंग के लिए सूचीबद्ध किया गया है, जहां याचिकाकर्ता मामले की जल्द सुनवाई की मांग कर सकते हैं। मामले में जांच के दौरान गठित विशेष जांच दल (SIT) की रिपोर्ट के आधार पर राम मंदिर ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस अब तक इस मामले में चारों मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनसे पूछताछ जारी है।

जांच एजेंसियों ने आरोपियों के घरों पर भी छापेमारी की है, जहां से मामले से जुड़े अहम दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटाने का दावा किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की गहन जांच की जा रही है और यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के बाद अब सभी की नजरें शीर्ष अदालत की अगली कार्यवाही पर टिकी हैं। यदि अदालत सुनवाई के लिए याचिका स्वीकार करती है, तो मामले की जांच और जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी दिशा-निर्देश सामने आ सकते हैं।

# '50 करोड़ में बिक गया सांसद'... संजय राउत का बागी सांसद पर बड़ा हमला



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता  ने यवतमाल-वाशिम से सांसद  पर तीखा राजनीतिक हमला बोला है। राउत ने आरोप लगाया कि देशमुख "50 करोड़ रुपये में बिक गए" और जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात किया।

राउत ने देशमुख को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है, तो सांसद पद से इस्तीफा देकर दोबारा जनता के बीच जाएं और चुनाव लड़कर अपनी लोकप्रियता साबित करें। उनके अनुसार, यदि जनता फिर से चुनकर भेजती है, तो वही सबसे बड़ा जवाब होगा। हालांकि, संजय राउत के '50 करोड़ में बिकने' के आरोप का अभी तक कोई सार्वजनिक साक्ष्य सामने नहीं आया है और न ही इसकी स्वतंत्र पुष्टि हुई है। यह राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा है।

महाराष्ट्र की राजनीति में दल-बदल और राजनीतिक निष्ठा को लेकर आरोपों का दौर लगातार जारी है। ऐसे मामलों में अंतिम फैसला जनता चुनाव के माध्यम से करती है, जबकि कानूनी या वित्तीय आरोपों की पुष्टि जांच एजेंसियों और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होती है।

# बूथ स्तर और प्राथमिक कार्यकर्ताओं का होगा डिजिटल प्रशिक्षण वर्ग

## 28 जून को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के पश्चात 2097 बूथों पर होगा डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण वर्ग

### प्रत्येक बूथ पर 200 कार्यकर्ताओं को देंगे प्रशिक्षण भाजपा इंदौर नगर की कामकाजी बैठक सम्पन्न

इंदौर। जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण के अंतर्गत बूथ समितियों के सदस्यों और प्राथमिक सदस्यों के प्रशिक्षण डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के सन्दर्भ में आज भाजपा कार्यालय पर भाजपा इंदौर नगर की कामकाजी बैठक नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेश पालीवाल, महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा, हरप्रीत सिंह बक्षी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती संस्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के अंतर्गत बूथ और शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से डिजिटल होगा कार्यकर्ता अपने मोबाइल से सरल और संगठन अप्प पर जाकर डिजिटल प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण 28 जून को सुबह 11:40 बजे सभी 2097 बूथों पर एक साथ आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता सरल व संगठन अप्प में जाकर डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर क्लिक करने पर कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हो सकेंगे। 4 विषयों पर विषय वक्ता द्वारा दिए गए उद्बोधन के वीडियों के माध्यम से प्रशिक्षण होगा। इसमें प्रशिक्षार्थीयों का टेस्ट भी होगा और उन्हें प्रश्नोत्तरी भी हल करना होगी। उसके पश्चात उन्हें प्रशिक्षण वर्ग का डिजिटल प्रमाण पत्र भी मिलेगा।

श्री मिश्रा ने बताया कि डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम से पूर्व सभी 2097 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण कार्यकर्ता सुनेंगे। सुबह 10:30 बजे सभी बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं उनके व्यक्तित्त्व एवं कृतित्व पर उद्बोधन भी होगा। बैठक में राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, भूपेंद्र सिंह केसरी, भारत पारख, महेश जोशी, दीपेन्द्र सिंह सोलंकी, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, नारायण पालीवाल, सचिन बंसल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, गोविंद पंवार, रितेश शर्मा, नितिन शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी सहित मंडल अध्यक्ष एवं अभियान टोली सदस्य उपस्थित थे।








#### ये होगा कार्यक्रम

10:30 बजे : बूथ पर एकत्रीकरण

10:35 से 10:55 बजे तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं उनके व्यक्तित्त्व एवं कृतित्व पर संक्षिप्त उद्बोधन

#### 11 बजे : मन की बात

11:40 बजे से डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का प्रशिक्षण प्रारंभ करना एवं प्रशिक्षण पूर्ण होने पर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सोशल मीडिया पर डालना है।

इंदौर -उज्जैन -मंदसौर और निमाड़ संभाग की वर्चुअल बैठक सम्पन्न मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, मध्यप्रदेश संगठन प्रभारी महेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने मार्गदर्शन दिया इंदौर से बैठक में नगर अध्यक्ष, संभाग प्रभारी रणवीर, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, नगर पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी शामिल हुए

इंदौर। जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती संस्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत 28 जून को होने वाले डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम एवं मन की बात कार्यक्रम को लेकर इंदौर- उज्जैन- मंदसौर और निमाड़ संभाग की वर्चुअल बैठक को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद जी ने भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके संकल्पों को पूरा करते हुए देश से धारा 370 के दंश को समाप्त किया। कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर उनके संस्मरणों के साथ डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर डॉ मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। मध्यप्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में कोटा परमिट सिस्टम के विरोध में एक देश में दो विधान- दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया। 06 जुलाई को डॉ मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती है, संगठन इसे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है।

कार्यकर्ता अपने अपने प्रभार वाले मंडल, शक्ति केन्द्रों पर प्रवास कर डॉ मुखर्जी के संस्मरणों को मतदान केंद्रों पर उतारने का काम करे। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा 28 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर हो इसकी कार्ययोजना तैयार करें। जो जिला 100 प्रतिशत बूथों पर मन की बात कार्यक्रम कर पाएगा औऱ संगठन एप पर उसका फीडबैक देगा, वह जिला आदर्श जिला कहलायेगा। 28 जून को ही हमें बूथों पर डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से बूथ के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण होना है, प्रत्येक बूथ की सूची तैयार हो जाए, कौन वक्ता कार्यकर्ता बूथ पर जाएगा इसकी रचना तैयार करें। मप्र के कार्यकर्ताओं ने बूथ सशक्तिकरण अभियान, प्रशिक्षण वर्ग महा अभियान को सफलता पूर्वक पूरा किया था, उसी तरह डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम को भी 100 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर पूरा करेंगे। बैठक में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल टोली के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आकाशीय बिजली का कहर: कमलपुर मठ के मंदिर शिखर और संत समाधि को भारी नुकसान, खेत की डीपी भी हुई क्षतिग्रस्त

**हेमंत भार्गव**

**करैरा। अनुविभाग करैरा अंतर्गत ग्राम रोनिजा स्थित वर्षों पुराने एवं धार्मिक आस्था के केंद्र कमलपुर मठ में शनिवार की दरमियानी रात हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली ने भारी तबाही मचा दी।**

#### जानकारी के अनुसार,

आकाशीय बिजली सीधे मठ परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर के शिखर पर गिर गई, जिससे मंदिर के शिखर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया। इसके साथ ही परिसर में बनी साधु-संतों की समाधि को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

कमलपुर मठ के महंत रामानुज पुरी महाराज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे मंदिर के शिखर और समाधि स्थल को गंभीर क्षति पहुंची है। घटना के बाद ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है।

#### ग्रामीणों के अनुसार

आकाशीय बिजली का प्रभाव इतना तेज था कि मठ के समीप खेत में लगी विद्युत डीपी (ट्रांसफार्मर) भी क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कमलपुर मठ पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक स्थल को हुए नुकसान का सर्वे कराकर शीघ्र मरम्मत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

#### स्थानीय लोगों का कहना है कि

कमलपुर मठ क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां वर्षों से साधु-संतों की तपस्थली एवं समाधि स्थल मौजूद है। ऐसे में इस धार्मिक धरोहर को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

# मानव अधिकार जागरूकता रैली निकालकर जनसुनवाई बाबा वृक्षारोपण किया

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर । मानव सामाजिक न्याय आयोग द्वारा रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रविंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में फूलबाग चौराहे से शिव विहार कॉलोनी, सागरताल तक मानव अधिकार जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को मानव अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए आयोग की गतिविधियों और शिकायत निवारण संबंधी जानकारी दी गई। शिव विहार कॉलोनी में आयोजित सभा में मानव अधिकार कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया तथा वृक्षारोपण कर ट्री-गार्ड लगाए गए। इस अवसर पर रविंद्र सिंह तोमर ने कहा कि संगठन ने ग्वालियर-चंबल संभाग में 5,000 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वार्ड एवं विधानसभा स्तर पर मानव अधिकार जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रविंद्र लोधी मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल एवं जिला महामंत्री अशोकनगर पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा पंकज लोधी उपस्थित रहे एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में ही किला गेट थाने के थाना प्रभारी प्रशांत शर्मा जी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे एवं सभी ने पर्यावरण सुधार का संदेश आम जन को दिया ।

